## सिटी ब्रीफ

### अब युक्तधारा पोर्टल पर तैयार होगी ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना

**बरेली, अमृत विचार :** नए साल में मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यों में पारदर्शिता और भी बढ़ जाएगी। शासन ने युक्तधारा पोर्टल को लागू करने का आदेश जारी कर दिया है। इस पोर्टल के जरिए अब नए कार्य और प्रभावी कार्यों का अपडेट मिलेगा और बीडीओ के पास सिर्फ अग्रसारण का दायित्व होगा। डीसी मनरेगा हसीब अंसारी का कहना है कि नई व्यवस्था के तहत नए साल में मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में हुए और होने वाले कार्यों की जानकारी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) फीचर से लैस युक्तधारा पोर्टल से होगी। ग्राम्य विकास विभाग की तरफ से यह व्यवस्था सुनिश्चित कराने का पत्र भी प्राप्त हुआ है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि 2026 से युक्तधारा पोर्टल के जरिए ही नए कार्य और प्रभावी कार्य का अपडेट मिलेगा, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी और चल रहे व पूरे हो चुके कार्यों का स्वत: मूल्यांकन भी हो सकेगा।

### भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत आज

**बरेली, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत प्रत्येक माह की 7 तारीख को गन्ना समिति में की जाती है, लेकिन 7 दिसंबर को रविवार पड़ने की वजह से इसका आयोजन अब सोमवार को सुबह 10 :30 बजे से होगा। पंचायत के बाद अधिकारियों से मिलकर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। पंचायत में किसानों की समस्याओं, आवारा पशुओं की समस्या को लेकर मंडलायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा।

### भाकियू चढ़ूनी ने नया पदाधिकारी किया नियुक्त

**बरेली, अमृत विचार :** भाकियू चढ़ूनी के राष्ट्रीय महासचिव मास्टर मनोज नागर एवं प्रदेशाध्यक्ष तराई भूपेंद्र सिंह गिल के निर्देश पर बरेली में रविवार को समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निष्क्रिय पदाधिकारी को हटाकर नए की नियुक्ति की। संगठन के जिला अध्यक्ष केशव सिंह सोलंकी और जिला सचिव अर्जुन सिंह यादव ने नवनियुक्त जिला महामंत्री युवा प्रकोष्ठ मो. रोहित को प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर केशव सिंह सोलंकी, सुशील बाबू सागर, प्रकाश चंद्र, छेदालाल वर्मा, डॉ. सचिव अर्जुन यादव, प्रियाशु पाठक, दिव्यांश सक्सेना, शिवम ठाकुर नेगी, नसीम खान, सुधांशु शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मेले में बुखार के मरीज अधिक पहुंचे

**बरेली, अमृत विचार :** ठंड का असर बढ़ने के बाद से ही लोग तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। रविवार को जिले में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में भी वायरल बुखार और त्वचा रोगियों की संख्या सर्वाधिक रही। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले के 80 स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में चार हजार से अधिक मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिसमें बुखार और खांसी जुकाम के साथ ही त्वचा के रोगियों की संख्या अधिक रही। मेले में आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज मिले, इसके लिए लगातार निरीक्षण भी किए गए।

# संडे बाजार से फिर लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **ईसाइयों की पुलिया से मालियों की पुलिया तक लगा भीषण जाम**
- **सड़क किनारे दुकानें लगने से होती है दिक्कत, नहीं कोई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** ईसाइयों की पुलिया से मालियों की पुलिया तक हर रविवार लगने वाले साप्ताहिक बाजार ने यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। सड़क के दोनों तरफ दुकानें लगने के कारण सड़क बेहद संकरी हो जाती है और जाम लगता है। इस रविवार को भी भीषण जाम लगा, जिसमें घंटों तक लोग फंसे रहे।

रविवार बाजार में सुबह से ही दुकानें लगना शुरू हो गईं। ईसाइयों की पुलिया से मालियों की पुलिया तक सड़क के दोनों ओर कपड़े, जूते, खिलौने और घरेलू सामान की दुकानों के साथ ठेले वाले भी खड़े होकर बिक्री कर रहे थे। जगह कम होने के कारण कई दुकानदारों ने सड़क पर भी कब्जा कर लिया, जिससे वाहनों के निकलने की जगह कम रह गई और जाम लगना शुरू हो गया। बाजार में भीड़ बढ़ते ही पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। शाम को वाहनों की दोनों ओर लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। अवैध साप्ताहिक बाजार को बंद कराने के लिए कई बार स्थानीय पार्षद ने नगर निगम और पुलिस को लिखा। कई बार बाजार हटाने के लिए योजनाएं बनीं। कई बार सुबह-सुबह दुकानदारों को हटाकर खानापूरी भी गई लेकिन उसके बाद स्थिति जस की तस हो गई और कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस को भी पता है कि साप्ताहिक बाजार की वजह से जाम लगता है लेकिन इसके बावजूद कोई इंतजाम नहीं किए जाते हैं। ट्रैफिक पुलिस के सामने ही ई-रिक्शा संडे बाजार पर खडे.होकर सावरियों को भरते हैं लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है।



संडे बाजार की वजह से ईसाइयों की पुलिया से मालियों की पुलिया तक लगे भीषण जाम में फंसे वाहन। एंबुलेंस भी फंसी रही। ● अमृत विचार

# गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने को बरेली-मथुरा हाईवे के लिए भूमि अर्जन कार्य 50 प्रतिशत पूरा

## बरेली सीमा में 21 गांवों की 35.2759 हेक्टेयर भूमि अर्जन की जा रही, किसानों के खाते में धनराशि पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एनएच-530बी के बरेली सीमा में निर्माण के लिए 30.4115 हेक्टेयर भूमि निजी और 4.722 हेक्टेयर भूमि सरकारी अर्जन होगी**

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस-वे से बरेली को जोड़ने के लिए बरेली-मथुरा हाईवे के अंतर्गत बरेली सीमा में फोरलेन हाईवे निर्माण करने की कवायद तेज हो गयी है। बदायूं की सीमा से लेकर चौबारी तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-530बी फोरलेन निर्माण के लिए 21 गांवों के हजारों किसानों की भूमि अर्जन करने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर चल रही है। करीब 35.2759 हेक्टेयर भूमि में से 50 प्रतिशत भूमि अर्जन करने के लिए किसानों के खाते में रकम भेजी जा चुकी है।

विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय किसानों को अर्जन भूमि का मुआवजा दिलाने के लिए तेजी से फाइलें पास करा रहा है। विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि धारा थ्री-डी की कार्रवाई के बाद फोरलेन हाईवे के लिए 21 गांवों की भूमि अर्जन की जा रही है। उन्होंने बताया कि कैमुआ की निजी भूमि 0.0540 हेक्टेयर, अखा मुस्तकिल की 0.1689 हेक्टेयर निजी व 0.0190 हेक्टेयर सरकारी भूमि, नितोई की 0.2106 हेक्टेयर भूमि, हिम्मतपुर ताहरपुर की 2.7244 हेक्टेयर, खेड़ा की 1.8979 हेक्टेयर निजी व 0.0304 हेक्टेयर सरकारी भूमि, भमौरा की 5.8891 हेक्टेयर निजी व 0.4140 हेक्टेयर सरकारी भूमि, नकटपुर की 1.3706 हेक्टेयर निजी व 0.2192 हेक्टेयर सरकारी भूमि, सरदार नगर की 0.5238 हेक्टेयर निजी व 0.0593 हेक्टेयर सरकारी भूमि, अंगूरी की 0.6636 हेक्टेयर निजी व 2.4999 हेक्टेयर सरकारी भूमि अर्जन की जा रही है। देवीपुर की 5.3178 हेक्टेयर निजी व 0.2374 हेक्टेयर सरकारी भूमि, आलमपुर जाफराबाद की 0.3397 हेक्टेयर निजी व 0.1361 हेक्टेयर सरकारी भूमि, चकरपुर की 4.8331 हेक्टेयर निजी व 0.2039 हेक्टेयर सरकारी भूमि, देवचरा की 4.0589 हेक्टेयर निजी व 0.1637 हेक्टेयर सरकारी भूमि, बाहनपुर की 0.0373 हेक्टेयर निजी व 0.1227 हेक्टेयर सरकारी भूमि, सिरोही की 0.2682 हेक्टेयर निजी व 0.0080 हेक्टेयर सरकारी भूमि, चाढ़पुर की 0.4864 हेक्टेयर निजी व 0.0266 हेक्टेयर सरकारी भूमि, मकरंदपुर धाराजीत की 0.2457 हेक्टेयर निजी व 0.0407 हेक्टेयर सरकारी भूमि, सैदपुर कनी की 0.5788 हेक्टेयर निजी व 0.1555 हेक्टेयर सरकारी भूमि, चौबारी मुस्तकिल की 0.6267 हेक्टेयर निजी व 0.1714 हेक्टेयर सरकारी भूमि, यूसुफपुर की 0.0020 हेक्टेयर सरकारी भूमि, भगवानपुर ठाकुरान गांव की 0.2097 हेक्टेयर सरकारी भूमि अर्जन की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि कुल 35.2759 हेक्टेयर भूमि अर्जन होगी, इसमें 30.4115 हेक्टेयर निजी भूमि और 4.722 हेक्टेयर सरकारी भूमि शामिल है।

### हाईवे निर्माण के लिए 650 करोड़ मंजूर हुए

बरेली से बदायूं बाईपास तक हाईवे निर्माण के लिए 650 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। बदायूं-बरेली पैकेज फोर में शामिल है। भमोरा से देवचरा के बीच संयुक्त बाईपास का भी निर्माण होगा। करीब 38 किलोमीटर सड़क फोरलेन होगी। बिनावर के पास बरेली हाईवे को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने की भी तैयारी है। हाल ही में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने बरेली को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए बरेली-मथुरा हाईवे का चौड़ीकरण जल्द पूरा कराने के लिए एनएचएआई के साथ बैठक की थी। बरेली की सड़क गंगा एक्सप्रेस-वे की तरह बनवाने की बात कही थी। बरेली को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए और क्या विकल्प हो सकते हैं, इसको लेकर एनएचएआई संग मंथन किया था।

# जिले में ठंड नहीं हो रही कम 7 डिग्री के आसपास तापमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- **प्रदेश में अयोध्या और इटावा के बाद बरेली रहा सबसे ठंडा**
- **अगले एक सप्ताह तक सुबह के समय हल्का कोहरा छाएगा**

**अमृत विचार:** जिले में ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। पिछले तीन दिनों से तापमान 7 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तापमान में कोई ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं जताई है। इस दौरान सुबह के समय हल्का कोहरा और धुंध छाई रह सकती है। रविवार को प्रदेश में अयोध्या और इटावा के बाद बरेली का सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार की शुरुआत सुबह हल्के कोहरे से हुई। इसके बाद धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। जिले का न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस कम 7.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री कम 21.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को सुबह आर्द्रता 87 प्रतिशत और शाम को 81 प्रतिशत रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अधिक नमी और कम तापमान के कारण सुबह के समय कोहरा और धुंध की स्थिति बनी हुई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार के अनुसार आगामी सात दिनों में भी सुबह के समय कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है। सर्दी बढ़ने और कोहरे के कारण सुबह के समय यातायात प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

# नाला निर्माण में अनियमितता पर ठेकेदार पर दो लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मिनी बाईपास स्थित कर्बला के पास बन रहे नाले की गुणवत्ता पर उठे सवाल**
- **नगर आयुक्त ने एजेंसी व जेई पर जांच बैठाई, दोबारा निर्माण के दिए आदेश**

**अमृत विचार :** मिनी बाईपास स्थित कर्बला के पास नाले के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। नाले का निर्माण पूर्ण होने पर जब अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो गुणवत्ता बेहद खराब मिली। रिपोर्ट मिलने के बाद नगर आयुक्त ने जांच बैठाई और संबंधित एजेंसी के साथ ही ठेकेदार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं घटिया निर्माण को तोड़कर दोबारा ठीक प्रकार से बनाने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके जेई से संज्ञान नहीं लिया। अब जेई पर कार्रवाई की तलवार लटकी है।

जब निर्माण विभाग की टीम नाले का निरीक्षण करने पहुंची तो स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले का निर्माण शुरू से ही घटिया सामग्री से किया जा रहा था, जिसकी शिकायत कमिश्नर से भी की गई। कमिश्नर के आदेश पर घटिया निर्माण तोड़कर दोबारा से करने के आदेश दिए गए थे लेकिन नगर निगम के जेई ने नगर आयुक्त और मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी के निर्देशों की अवहेलना की है। मौके पर कोई सुधार कार्य नहीं कराया गया। नाले की गुणवत्ता खराब होने से पानी निकासी में दिक्कतें बढ़ गई हैं। अब नगर आयुक्त मामले में कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में हैं।



मिनी बाईपास स्थित इसी नाले के निर्माण में की गई अनियमितता। ● अमृत विचार

> नाले में घटिया निर्माण मिलने पर ठेकेदार पर जुर्माना लगाय गया है। वहीं जेई को दोबारा से निर्माण कराने के निर्देश दिए गए थे। अगर मनमानी की गई है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। **- संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

## सरकार की अनदेखी से शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में रोष

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ की बैठक रविवार को गुलाब राय इंटर कालेज में हुई। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आलोक चौहान संघर्षी ने कहा कि सरकार और शिक्षा विभाग दोनों ही शिक्षणेत्तर कर्मियों की उपेक्षा पर उतारू हैं।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद कर्मचारियों और शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है। 13 दिसंबर को सिद्धार्थ नगर में होने वाले क्षेत्रीय सम्मेलन में इसको लेकर व्यापक रणनीति तैयार की जाएगी। मंडल अध्यक्ष सौरभ कुमार ने आउट सोर्सिंग कर्मियों की नियमावली और वेतन बढ़ाने की घोषणा को हवा-हवाई बताया। जिलाध्यक्ष संजीव पाल, मंडलीय उपाध्यक्ष एसके अवस्थी, संरक्षक भानु प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश, हरीश बाबू बाल्मीकि, अनुराग निर्मल, धर्मेंद्र, सुमित मौर्य, सुकेश, वीरपाल, सतीश यादव, रमेश कुमार, राजकुमार, अशोक, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# नए मानक : अब नदियों पर बनेंगे न्यूनतम 11 मीटर चौड़े पुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **साढ़े सात मीटर में बनेगी सड़क दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर का फुटपाथ भी बनाया जाएगा**
- **बरेली में मीरगंज और फरीदपुर में प्रस्तावित पुल बनेंगे नए डिजाइन का उदाहरण**

**अमृत विचार :** प्रदेश में अब नदियों और बड़े नालों पर बनने वाले टू लेन पुलों को नए मानक के तहत न्यूनतम 11 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। सेतु निगम ने पुलों के डिजाइन में बड़ा बदलाव करते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में सभी नए पुल इसी मानक के अनुसार तैयार होंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि पुल पर पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों के लिए भी सुरक्षित रास्ता उपलब्ध रहेगा। जिले में नए मानक के तहत मीरगंज और फरीदपुर में पुल बनेंगे।

सेतु निगम से मिली जानकारी के मुताबिक नई डिजाइन के अनुसार पुल की मुख्य सड़क 7.50 मीटर चौड़ी होगी, जबकि दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ा फुटपाथ बनाया जाएगा। अभी तक जो व्यवस्था है, उसमें अधिकतर टू लेन पुलों की चौड़ाई लगभग आठ मीटर होती है। इनमें सड़क और रेलिंग के बीच मुश्किल से आधा मीटर की जगह बचती है। ऐसे में पैदल या बाइक सवार को बड़े वाहनों के बीच से निकलने में अक्सर जोखिम उठाना पड़ता है।

इंजीनियरों के अनुसार नई नीति के तहत फुटपाथ बढ़ने से न सिर्फ सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात का प्रवाह भी सुगम होगा। बढ़ी हुई चौड़ाई के कारण पुल पर भारी वाहनों का क्रॉसिंग भी और अधिक सुरक्षित व सहज हो सकेगा। यही नहीं नई नीति के तहत आरई (रिटेनिंग) वॉल की चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी, ताकि पुल की मजबूती और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित हो सके।

### पुराने मानक पर्याप्त नहीं, इसलिए बदली व्यवस्था

सेतु निगम के डीपीएम अरुण कुमार बताते हैं कि बदलती यातायात जरूरतों और बढ़ते दबाव को देखते हुए पुराना मानक अब पर्याप्त नहीं रह गए थे। इसलिए पुलों की आधारभूत संरचना में यह सुधार आवश्यक था। बरेली में मीरगंज के नरखेड़ा में भाखड़ा पुल और फरीदपुर के टिसुआ में प्रस्तावित पुल नए डिजाइन का उदाहरण होगा। इसके निर्माण से क्षेत्र को न सिर्फ बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि आगे बनने वालों के लिए यह मानक स्थापित भी हो जाएगा। डीपीएम का कहना है भविष्य में प्रदेश के सभी जिलों में बनने वाले प्रमुख पुल इसी प्रारूप में तैयार किए जाएंगे। इसको लेकर गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है।

# नाला उफनाने से सड़क पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दुर्गा नगर रॉयल पब्लिक चौराहे पर जलभराव से परेशान लोगों ने नगर आयुक्त से शिकायत की**

**अमृत विचार :** शहर में नाला सफाई में हर साल करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी जलभराव की समस्या नगर निगम दूर नहीं कर पाया है। वार्ड 65 के दुर्गा नगर स्थित रॉयल पब्लिक चौराहे पर महीनों से सफाई न होने से नाला उफना गया है और गंदा पानी सड़क पर फैल गया है। घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है और लोग परेशान हो रहे हैं।

इस संबंध में पूर्व पार्षद नरेश कुमार पटेल ने नगर आयुक्त से शिकायत दर्ज कराई है। नरेश कुमार ने बताया कि कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसकी शिकायत दर्ज कराई लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोग परेशान हैं और गंदा पानी घरों की ओर लगातार बढ़ रहा है, जिससे बीमारी फैलने का डर भी गहरा गया है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि नगर निगम की ओर से फौरन की सफाई कराई जाए। ऐसा न होने पर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।



दुर्गा नगर में सड़क पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

**निर्माण**

**जयपुर के कारीगर कर रहे नक्काशी, छह फुट ऊंची मां दुर्गा की मूर्ति होगी स्थापित**

# भव्य नवदुर्गा मंदिर में दिखेगी राजस्थानी वास्तु कला की चमक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **2.5 करोड़ की लागत से त्रिवटी नाथ मंदिर परिसर में तैयार हो रहा है मंदिर**

**अमृत विचार :** शहर के सात नाथ मंदिरों में प्रमुख त्रिवटी नाथ मंदिर के परिसर में रामालय की उत्तर दिशा में भव्य नवदुर्गा मंदिर का निर्माण हो रहा है। मंदिर में राजस्थानी वास्तु कला के अनुसार पत्थर लगाने और नक्काशी का कार्य जयपुर के कारीगर कर रहे हैं। मंदिर के निर्माण पर करीब 2.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

मंदिर में करौली राजस्थान के पत्थर का इस्तेमाल हो रहा है। माता दुर्गा के दरबार के लिए कारीगर वहीं से पत्थर लाए हैं। यहां लाकर उन्हें मंदिर में जोड़ा जा रहा है। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि अलौकिक नवदुर्गा मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यह शहर का पहला मंदिर होगा, जिसमें सारा कार्य राजस्थानी कारीगर राजस्थान की वास्तु कला के अनुसार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी शिवालय में नव देवियां स्थापित हैं। जिन्हें नए मंदिर में स्थापित किया जाएगा। करीब छह फुट ऊंची माता दुर्गा की मूर्ति मंदिर में स्थापित की जाएगी। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्य 16 फरवरी से शुरू होगा। 20 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर समिति और दानकर्ताओं की ओर से मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है।




त्रिवटीनाथ मंदिर में निर्माणाधीन नवदुर्गा मंदिर। ● अमृत विचार

### मंदिर के द्वार पर है शेर के मुख की नक्काशी

मंदिर को आकर्षक बनाने और माता रानी के वाहन शेर के मुख की नक्काशी मंदिर के द्वार पर की गई है। मंदिर की दक्षिण दिशा की दीवार पर तीन जगह पर दहाड़ते हुए शेर के मुख की नक्काशी मंदिर की शोभा बढ़ा रही है। मंदिर में चोटी पर पांच कलश स्थापित किए जाएंगे।



### थीकरी वर्क से हो रही मंदिर के छत की सजावट

आधुनिक फॉल्स सीलिंग की डिजाइनों को समिति की ओर से दरकिनार करते हुए मंदिर की छत की सजावट राजस्थान की पारंपरिक कला थीकरी वर्क से तैयार कराई जा रही है। यह कार्य राजस्थान और गुजरात के मंदिरों में अधिक देखने को मिलता है। जिसमें शीशे के छोटे टुकड़ों को खास डिजाइन में जड़कर सजावट की जाती है। थीकरी वर्क से छत और अधिक आकर्षक और चमकदार लगती है। जयपुर के कारीगर इस कार्य को बढ़ी सफाई और सावधानी पूर्वक कर रहे हैं। दरबार में माता रानी का भव्य छत्र भी राजस्थानी डिजाइन में बनाया गया है।

# स्टेशनरी और रजाई-गद्दे की दुकान में लगी भीषण आग

## बरेली कॉलेज के पास रविवार सुबह हुई घटना, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया आग पर काबू, लाखों रुपये का सामान जला

- आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज के पास स्टेशनरी और रजाई-गद्दे की दुकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

बरेली कॉलेज के सामने नीटू की रुई, रजाई के साथ स्टेशनरी की दुकान है। रविवार सुबह दुकान में अचानक से आग लग गई। रुई ने आग पकड़ी तो तेज लपटें उठने लगी, जिसके बाद बरेली कॉलेज गेट के सामने अफरातफरी का माहौल हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आसपास के लोगों की मदद से नीटू ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। एफएसओ संजीव यादव ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि रुई होने के चलते आग ने तेजी पकड़ी, जिससे नुकसान अधिक हुआ। दुकानदार के अनुसार आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।


दुकान में जला पड़ा सामान और मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## रेस्टोरेंट में आग लगने से सामान जलकर राख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** इज्जतनगर क्षेत्र में रविवार शाम एक रेस्टोरेंट में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया तो पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

बैरियर-2 के पास रविवार शाम रनवे बेकवुड रेस्टोरेंट में आग लग गई। रेस्टोरेंट में अधिकतर लकड़ी लगी हुई थी, जिससे आग तेजी के साथ फैलती चली गई। आग देखकर रेस्टोरेंट में मौजूद लोग बाहर निकलकर भागे। उसके बाद आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाया नहीं जा सका। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि टीम की तेजी और सूझबूझ ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। आग किस वजह से लगी, इसकी जांच की जा रही है।


रेस्टोरेंट में आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

- बैरियर-2 के पास की घटना फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

## एसएसपी ने 11 अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने गंभीर अपराधों में लिप्त 11 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। शीशगढ़ शेखुपुरा निवासी हफीज पुत्र वहीद, हसीफ पुत्र हनीफ, सीबीगंज ठिरिया ठाकुरन निवासी शिव कुमार उर्फ गब्बर पुत्र बादाम सिंह, अलीगंज क्षेत्र निवासी हसनैन रजा पुत्र मो. ताहिर हुसैन, बिशारतगंज के सिसोना निवासी विकास दीक्षित पुत्र मुकेश दीक्षित, भमोरा के चम्पतपुर निवासी बृजपाल पुत्र नेतराम, राकेश पुत्र प्रेमपाल, कुंडा गौटिया निवासी अकरम खान पुत्र मुल्तान खान, क्योरा शादीपुर गौटियां निवासी आरिफ पुत्र हनीफ अंसारी, सिरसा निवासी रतिराम पुत्र नन्हेलाल और नवाबगंज के बलापुर निवासी भीमसेन पुत्र उमाचरण की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को हिस्ट्रीशीटर ने दी हत्या की धमकी

संवाददाता, सीबीगंज

- वीडियो वायरल, सीबीगंज पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- पूर्व जिलाध्यक्ष के अधिवक्ता भाई से भी रंगदारी मांगी

**अमृत विचारः** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पूरन लाल लोधी को हिस्ट्रीशीटर ने हत्या करने और धज्जियां उड़ा देने की धमकी दी है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पूरन लाल लोधी के अधिवक्ता भाई से भी रंगदारी मांगी है। पूरन लाल लोधी ने सीबीगंज थाने में और अधिवक्ता भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने पुलिस पर खेल कर आईटी एक्ट और रंगदारी की धारा हटाकर क्राइम इंस्पेक्टर को विवेचना न देकर दरोगा को देने का आरोप लगाया है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के अटरिया गांव निवासी पूरन लाल लोधी ने बताया कि वह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हैं। वह प्रदेश के पिछड़ा मोर्चा में भी रह चुके हैं। उन्हें फोन कॉल कर हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर सुभाष लोधी ने हत्या की धमकी दी। सुभाष लोधी ने कार में बैठकर एक वीडियो बनाकर वायरल किया जिसमें वह कह रहा है कि अपने पिता सोमपाल लोधी और साथी हिस्ट्रीशीटर वंश राजपूत को साथ मिलकर उनकी हत्या करने के इरादे से आया है। वह कह रहा है कि भाजपा का बड़ा नेता बनता है, उसके ऊपर मुकदमे लगवाता जा रहा है और मदद नहीं कर रहा है। मुकदमों की पैरवी के लिए तू रुपये नहीं देगा तो कौन देगा। तू जो 10-20 हजार रुपये देता है उससे हमारा कुछ नहीं होता है। हमारे मुकदमों का खर्चा तुझे उठाना होगा वरना हत्या कर देंगे। पूरनलाल लोधी ने बताया कि उन्होंने घर से झांककर देखा तो सुभाष लोधी ने उनके तहेरे भाई की पत्नी और बच्चों को रास्ते में घेर रखा था। उन्होंने तुरंत दरवाजा बंद कर लिया। पूरनलाल के मुताबिक सुभाष लोधी गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर है। वह स्मैक व चरस का नशा करने का आदी है। वह नशे में किसी की भी हत्या कर सकता है। सुभाष लोधी ने पीलीभीत बाईपास पर गोलीकांड भी किया था। वह विवादों से दूर रहना चाहते हैं। वह अपनी जान बचाने के लिए सुभाष के परिवार को रुपये दे चुके हैं। पूरनलाल की तहरीर पर पुलिस ने सुभाष लोधी, उसके पिता सोमपाल लोधी, वंश राजपूत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अधिवक्ता भाई की कनपटी पर तमंचा सटाकर मांगी दो लाख रुपये की रंगदारी

पूरनलाल लोधी के अधिवक्ता भाई मोहन स्वरूप लोधी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे वह रूपराम और छेदालाल के साथ कार से कचहरी जा रहे थे। जैसे ही वह सिटी सब्जी मंडी पहुंचे तभी सुभाष लोधी ने अपनी कार उनकी कार के दाहिने ओर लगा दी। सुभाष ने उनकी कनपटी पर तमंचा तानकर दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी और धमकी दी कि पैसे न देने पर पूरे परिवार की हत्या कर देगा। उसके साथ वंश राजपूत और तीन अन्य लोग भी मौजूद थे। आरोप लगाया कि शाम करीब 6:30 बजे एडीएम कंपाउंड में खड़ी उनकी कार में तोड़फोड़ भी की गई। धमकी भरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। कोतवाली पुलिस ने मोहन स्वरूप की तहरीर पर सुभाष लोधी, वंश राजपूत और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला की मारपीट कर हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ससुराल वालों पर आरोप लगाकर परिजनों ने दी तहरीर

**अमृत विचारः** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुराल वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वंशीनगला निवासी देवी ने बताया कि उसने अपनी बेटी लता की शादी रिठौरा निवासी धर्मेंद्र से की थी। आरोप है कि धर्मेंद्र आए दिन लता से मारपीट करता था। 15 दिन पहले भी उसके साथ मारपीट की गई थी। लता तीन महीने की गर्भवती थी। आरोप है कि पति ने जबरन गर्भ गिराने की दवा खिलाई, जिससे उसकी हालत बिगड़ती गई। रविवार को ससुरालियों ने उसकी हालत बिगड़ने की सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और देखा कि महिला खून से लथपथ पड़ी थी। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पांच बच्चे हैं और पति ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करता है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राम आशीष की शहादत बेकार नहीं जाएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने डॉ. राम आशीष सिंह की याद में प्रेमनगर स्थित सीआई पार्क में श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. मुनीष कुमार गंगवार ने कहा कि डॉ. राम आशीष सिंह की शहादत हमें याद दिलाती है कि उन्होंने जो सपना देखा था, वह सिर्फ उनका अपना नहीं था। लाखों अध्यापकों, क्लर्कों, स्वास्थ्यकर्मियों, रेलवे कर्मचारियों, बैंक कर्मचारियों, पुलिस, सेना के हर जवान, प्रत्येक सरकारी कर्मचारी का सपना था। एक सम्मानजनक रिटायरमेंट का सपना। बुढ़ापे में दो वक्त की रोटी और दवा का इंतजाम का सपना था। इसलिए पुरानी पेंशन बहाली सिर्फ एक मांग नहीं, बल्कि हमारे अधिकार और भविष्य की सुरक्षा का प्रश्न है।

जिला उपाध्यक्ष पुष्पा गंगवार ने आह्वान करते हुए कहा कि आज बरेली में उठी हर मोमबत्ती की लौ ने यह संकल्प दोहराया कि ''हम झुकेंगे नहीं, रुकेंगे नहीं, जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी।'' जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार गंगवार ने कहा कि एक ही देश में दो तरह की पेंशन प्रणाली यह बिल्कुल न्यायोचित नहीं है।

सीमा पर अपनी जान की बाजी लगाए सैनिकों को ओपीएसन देना और सांसदों, विधायकों और मंत्रियों की ओर से खुद के लिए दो-दो तीन-तीन पुरानी पेंशन लेना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों को न तो नई पेंशन योजना चाहिए और न ही यूनिफाइड पेंशन योजना। सभी को चाहिए हुबहू पुरानी पेंशन योजना। नीतू वर्मा ने कहा कि आज शिक्षक और कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर दृढ़ संकल्पित हैं। मंडल अध्यक्ष जगदीश गंगवार ने कहा कि एनपीएस/यूपीएस शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में नहीं है, इसलिए यह स्वीकार नहीं हैं। हम सब इसका पूर्णतया विरोध करते हैं और सिर्फ पुरानी पेंशन की मांग करते हैं। डॉ. भोलेराम ने कहा कि यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार हमें ओपीएस से आच्छादित नहीं कर देती।


सीआई पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

- अटेवा ने शहीद शिक्षक की याद में श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च निकाला

## अस्पताल में महिला की मौत हत्या का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके परिवार के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। आंवला के रसूला गांव निवासी गीता देवी की शादी सुभाषनगर क्षेत्र के रामचंद्रपुरम करगैना निवासी दिनेश पाठक से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ मारपीट कर उसे गोली खिला दी गई। जिसके बाद उसे बदायूं रोड पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार शाम महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# शेर अली जाफरी और बेटे पर रिपोर्ट

संवाददाता, सीबीगंज

- बी फार्मा का फर्जी डिप्लोमा देने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** छात्रों को फर्जी डिग्री थमाकर करोड़ों रुपये की ठगने करने के मामले में फंसे खुसरो डिग्री कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी, उसके बेटे और कॉलेज के प्रधानाचार्य समेत अन्य स्टाफ पर एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। बी फार्मा का फर्जी डिप्लोमा देने के मामले में एक छात्र की तरफ से कोर्ट के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट लिखी है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सैदपुर हॉकिंस क्षेत्र की साईं सेवा धाम कालोनी निवासी छात्र अभिषेक गंगवार के मुताबिक वर्ष 2019-20 में सीबीगंज स्थित खुसरो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज से बी-फार्मा का कोर्स किया था। जिसके बाद उन्हें अंक और प्रमाण पत्र दिया गया। जब वह ग्रीन कार्ड ड्रग लाइसेंस बनवाने गया तो पता चला कि प्रमाण पत्र फर्जी हैं। उसने सीबीगंज पुलिस से मामले की शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट का सहारा लिया। सीबीगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चेयरमैन शेर अली जाफरी, बेटे फिरोज अली जाफरी, प्रधानाचार्य विश्व नाथ शर्मा और समस्त संबंधी स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### जेल जाने के साथ हो चुकी है गैंगस्टर की कार्रवाई

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने के आरोप में फंसे खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके छह साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। एसएसपी ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जिसमें शेर अली जाफरी समेत उनके बेटे ओर अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अभी वह जमानत पर बाहर हैं।

# जीएसटी हासिल कर लगाई 72.84 लाख की चपत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त ने बारादरी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- फर्जी दस्तावेजों से बनाई थी फर्जी फर्म, राज्यकर विभाग ने जांच की तो खुली पोल

**अमृत विचारः** फर्जी दस्तावेजों से फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी हासिल कर 72.84 लाख रुपये के राजस्व को क्षति पहुंचाई गई। मामला सामने आने पर राज्य कर विभाग के अधिकारी भी हैरान रह गए तो जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि जिस पते पर फर्म पंजीकृत थी वहां पर कुछ नहीं मिला। अब राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राज्य खंड- 4 के सहायक आयुक्त अविरल मुदगल ने बारादरी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि एमएस सलीम ट्रेडर्स फर्म ने फर्जी एवं कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर जीएसटी पंजीयन प्राप्त करके 72.84 लाख रुपये के राजस्व की क्षति की। सलीम ट्रेडर्स ने 3 अप्रैल 2021 को जीएसटी रजिस्ट्रेशन लेने के लिए पूरा सेटअप तैयार किया। प्रोप्राइटर के रूप में गाजियाबाद निवासी नगमा पुत्री सलीम खान का नाम दर्ज किया गया, जबकि व्यवसाय का पता 107, कालीबाड़ी बताया गया। जांच में ये सभी कागजात फर्जी पाए गए। फर्म ने रजिस्ट्रेशन मिलते ही फर्जी कारोबार दिखाकर राजस्व को चूना लगाने की शुरुआत कर दी। बारादरी पुलिस ने तहरीर के आधार पर नगमा निवासी गाजियाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खंडेलवाल सेल्स कारपोरेशन के प्रोपराइटर योगेंद्र का निधन

**बरेली, अमृत विचारः** रामपुर गार्डन निवासी खंडेलवाल सेल्स कारपोरेशन के प्रोपराइटर योगेंद्र खंडेलवाल (73) का रविवार सुबह करीब 7 बजे निधन हो गया। वह पिछले 10 साल से हार्ट की दिक्कत से लड़ रहे थे। दोपहर बाद गमगीन माहौल में उनकी सिटी श्मशान भूमि में अंत्येष्टि कर दी गयी। उनके बड़े बेटे चित्रेश खंडेलवाल ने मुखाग्नि दी। वहीं, भतीजे राहुल खंडेलवाल ने बताया कि चाचा योगेंद्र खंडेलवाल की सुबह अचानक ज्यादा तबीयत बिगड़ गई। हार्ट और लंग्स ने काम करना बंद कर दिया था।



# ठगों का साइबर जाल : 15 दिन में फंसे दर्जनों लोगों के दो करोड़ डूबे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यापारी से लेकर सेना के जवान तक हुए ठगी के शिकार, बिना ओटीपी बताए भी खाते से कट रही रकम
- साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामलों की जांच शुरू पुलिस ने जारी किया अलर्ट

**अमृत विचारः** साइबर ठग पिछले 15 दिनों में जिले के कई लोगों को अपने जाल में फंसाकर दो करोड़ रुपये ठग चुके हैं। शहर से लेकर देहात तक में साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि साइबर ठग बिना ओटीपी पूछे ही खाते से रकम गायब कर दे रहे हैं। सेना के जवान से लेकर व्यापारी और पुलिसकर्मी भी साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। लगातार मामले सामने आने के बाद साइबर क्राइम पुलिस की तरफ से अलर्ट जारी किया गया है कि लोग किसी अंजान लिंक को खोलने से बचने के साथ किसी को ओटीपी नहीं बताएं।

### साइबर ठगों ने इन लोगों से भी की ठगी

साइबर ठग आए दिन लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। शहर में तीन अलग-अलग लोगों के साथ साइबर ठगी के मामले सामने आए हैं। इज्जतनगर में एक युवक को सीबीआई अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट कर ठग लिया। वहीं एक युवक के साथ युवती ने फेसबुक पर दोस्ती करके कारोबार में पैसा लगाने की बात कहकर ठगी की। एक अन्य मामले युवक से शेयर बाजार में पैसा लगाने के नाम पर ठगी कर ली गई।

### 94 लाख रुपये ट्रांसफर कराए

रामपुर गार्डन निवासी व्यवसायी पंकज ने इंटरनेट पर विज्ञापन देखकर एक्सिस सेल्फ नाम का एक एप अपने मोबाइल में डाउनलोड किया था। इसके बाद साइबर ठग उनसे व्हाट्सएप पर चैट करने लगे। ट्रेडिंग में निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने का झांसा दिया। पंकज से साइबर ठगों ने नौ बार में अलग-अलग खातों में 94 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

### खाते से निकाले 5.50 लाख रुपये

इज्जतनगर क्षेत्र के राजीव कुंज कॉलोनी निवासी वीएस पाठक के खाते से 16 नवंबर को 3 लाख 55 हजार रुपये और दूसरे खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए गए। उनके पास यूनियन बैंक लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट के लिए कॉल आया था। कॉल करने वाले ने कहा था कि वह बैंक की तरफ से बोल रहा है। वाट्सएप पर लिंक भेजकर उसे अपडेट करने को बोला। लिंक अपडेट करते ही खातों से पांच लाख पांच हजार रुपये कट गए।

### यातायात पुलिसकर्मी के खाते से कटे रुपये

यातायात पुलिस में तैनात पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि उसका सैलरी एकाउंट पंजाबी मार्केट की बैंक ऑफ बड़ौदा में है। उसके खाते से 2 दिसंबर को 4096, 345 और 540 रुपये कट गए। जिसकी शिकायत उसने 1930 साइबर क्राइम पोर्टल पर की तो खाते से कटे पैसे होल्ड हो गए। सुभाषनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आईटीबीपी जवान से 24 लाख ठगे

आईटीबीपी के एक जवान से साइबर ठगों ने टेलीकॉम विभाग और सीबीआई में अधिकारी बताकर 24 लाख रुपये की ठगी कर ली। उत्तराखंड के पोस्ट नरगोली के गांव दौलीगाड़ निवासी महेश चन्द उपाध्याय आईटीबीपी के बुखारा कैंप में तैनात हैं। 22 अक्टूबर को उन्हें एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह टेली कम्युनिकेशन विभाग से बोल रहा है और उसका नाम संदीप है। उसने उनसे कहा कि आपकी आईडी से मोबाइल नंबर लिया गया है, जिससे दिल्ली के कनाट प्लेस एरिया में महिलाओं के साथ बदसलूकी की जा रही है। कॉल करने वाले ने दिल्ली क्राइम ब्रांच को बताकर कॉल ट्रांसफर कर दी। इसी बीच कॉल ट्रांसफर हो गई और ट्रांसफर कॉल पर बात करने वाले ने अपना नाम आनंदराज, सीबीआई से बताया। आईटीबीपी जवान ने डर की वजह से 24 लाख रुपये साइबर ठगों के खाते में डाल दिए।

### ये बरतें सावधानी

- किसी ऑफर या इनाम के झांसे में न आएं।
- फिजूल के एप डाउनलोड करने से बचें।
- किसी को आधारकार्ड या पैनकार्ड न भेजें।
- किसी को ओटीपी न बताएं और बैंक संबंधी डिटेल न दें।
- ठगी होते ही 1930 टोल फ्री नंबर पर कॉल करें।
- किसी नए लिंक पर क्लिक न करें, आपकी निजी जानकारी ठगों को मिल सकती है।
- ठगी का पता चलते ही तत्काल cybercrime.gov.in पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर 21 लाख ठगे

कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर कसगरान निवासी राजीव अग्रवाल से ठगी कर ली गई। राजीव के पास 18 जुलाई को व्हाट्सएप पर एक मेसेज आया और ट्रेडिंग से संबंधी जानकारी देकर अधिक मुनाफे का लालच दिया। उसके बाद मेसेज करने वाले ने एक लिंक प्रोवाइड कराया और कई खातों में रुपये ट्रांसफर कराए गए। उनके एक खाते से 18 लाख 16 हजार और दूसरे खाते से 3 लाख डलवाए गए और कुल 21 लाख 16 हजार रुपए ठग लिए गए।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**सिटी ब्रीफ**

### एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** शहर विधानसभा क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर रविवार को नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने सदर तहसील में हुए कार्यक्रम में ऊषा, रानी, हुमा खान, नेहा सक्सेना, जितेन्द्र सिंह तोमर, शाहिना खान, किरनलता कैथवाल, प्रवेश कुमारी, आकांक्षा, नमृता वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### 10 से शुरू होगी स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक विषम सेमेस्टर तृतीय व पंचम की परीक्षा 10 दिसंबर से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। अभी तक विलंब शुल्क के साथ फार्म भरवाए गए।

# एसआईआर संवैधानिक प्रक्रिया, लोकतंत्र को कमजोर करने का एजेंडा चला रहा विपक्ष

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि निर्वाचन आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ करा रहा एसआईआर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार दोपहर सर्किट हाउस में विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान और पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद के नाम पर एक सांसद की आरे से शिलान्यास को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं दीं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का एजेंडा एक षड्यंत्र के तहत लोकतंत्र को कमजोर करने का है। एसआईआर एक संवैधानिक प्रक्रिया है और भारत निर्वाचन आयोग इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करा रहा है। हर वर्ष मतदाता सूची के पुनरीक्षण का अभियान चलता है, लेकिन 20 वर्ष बाद यह विशेष अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा जो नेगेटिव एजेंडा चलाया जा रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति उनके नकारात्मक रुख को दर्शाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम ड्राफ्ट प्रकाशित हुआ, जिस पर कोई आपत्ति नहीं की। बाद में चुनाव भी शांतिपूर्वक संपन्न हुए। 12 हजार प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे, मतदान प्रक्रिया को लेकर कोई सवाल नहीं उठाए गए। पिछले चार-पांच चुनावों से भाजपा के नेतृत्व में जनता का विश्वास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ा है, जिससे विपक्ष हताश और निराश है। इसी निराशा के कारण संवैधानिक व्यवस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के एक सांसद द्वारा बाबरी मस्जिद के नाम पर शिलान्यास करने के मामले पर भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि इस तरह की घटनाएं देश के अमन-चैन और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती हैं। बाबर एक शासक था, उनका समय समाप्त हो चुका है, अब उस नाम पर मस्जिद का शिलान्यास करना देश के माहौल को खराब करने की साजिश है। वहां की राज्य सरकार का दायित्व है कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और सुनिश्चित करे कि किसी भी तरह से कानून व्यवस्था न बिगड़े।



भाजपा कार्यालय में हुई संगठनात्मक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते बरेली जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा और वरिष्ठ पदाधिकारी।

### ऊर्जावान कार्यकर्ता एसआईआर में शत-प्रतिशत योगदान देने के लिए अटल संकल्पित

भाजपा कार्यालय पर एसआईआर को लेकर संगठनात्मक बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एसआईआर कार्य में जुटने और भाजपा के वोटरों के शत प्रतिशत वोट बनवाने को कहा। भाजपा के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में शत–प्रतिशत योगदान देने के लिए अटल संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह चौधरी, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जनप्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और बीएलए आदि उपस्थित रहे।

# सिर्फ चेहरा दिखाने वाले नेताओं पर कांग्रेस करेगी कार्रवाई



मासिक बैठक में मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा- जिसका बूथ मजबूत होगा, वही आगे बढ़ेगा

**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि जिसका बूथ सबसे मजबूत होगा, अब वही आगे बढ़ेगा। गुटबाजी करने वालों और कार्यक्रम में सिर्फ चेहरा दिखाने वाले नेताओं पर कार्रवाई के लिए हाईकमान को पत्र लिखा जाएगा। वह रविवार को जिला और महानगर कांग्रेस की शहर के एक क्लब में आयोजित मासिक बैठक में बोल रहे थे।

कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में राहुल गांधी की एक बड़ी रैली होने जा रही है, जिसमें जिले की भागीदारी अधिक से अधिक रहेगी। कहा कि यह लगातार देखने में आ रहा है कि जब बरेली में कोई बड़ा पदाधिकारी आता है तो उन्हें चेहरा दिखाने के लिए नेता पहुंच जाते हैं, लेकिन वही लोग पार्टी के कार्यक्रमों से दूर रहते हैं। ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए हाईकमान को लिखा जाएगा। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा कि एसआईआर के कार्य में पार्टी की ओर से बनाए गए बीएलए लोगों की मदद कर रहे हैं। जियाउर रहमान, नाहिद सुल्तान, सुरेश चंद्र वाल्मीकि, मुजम्मिल रजा खान, मोबिन अंसारी, सुरेश दिवाकर, प्रवीण कुमार मिश्रा, मुकेश वाल्मीकि, राजेश सिंह यादव, भीमसेन कश्यप, मुश्ताक आदि मौजूद रहे।


# आरके सुपर किंग्स ने जीता आईएमए पीएल का खिताब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमए की ओर से रविवार को गंगाशील आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के स्टेडियम में प्रीमियर लीग सीजन-7 पूरे जोश और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया। चार पूल में विभाजित सभी टीमों ने खेल उत्सव में शानदार प्रदर्शन किया। आरके सुपर किंग्स के नाम आईएमए पीएल का खिताब रहा।

दूसरे दिन के मुकाबलों से पहले पैदल मार्च निकाला गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. आस्था अग्रवाल ने की। वहीं, शाम को निकाले गए मशाल जुलूस ने इस आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा दिए। सभी टीमों ने एक-एक करके मशाल लेकर मैदान के चारों ओर दौड़ लगाई। खिताब आरके सुपर किंग्स के सिर सजा। वहीं, उपविजेता का खिताब चंद्रलोक चैलेंजर्स ने जीता। मैन ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ द सीरीज डॉ. अतुल गंगवार रहे। महिला वर्ग में भी खिलाड़ियों ने अनुशासित एवं प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन किया।

इस श्रेणी में विजेता डीजी विक्टरी कवीन्स और उपविजेता सार्थक आईवीएफ की टीम रही। किड्स श्रेणी में एडवेंचरस आद्या की टीम विजेता रही। वेटरन श्रेणी में प्रेजिडेंट इलेवन विजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार व विशिष्ट अतिथि बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा व बीडीए वीसी डॉ. मणिकंडन ए, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य रहे। आईएमए यूपी के इलेक्ट प्रेसिडेंट डॉ. रवीश अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनदीप सिंह, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. अंशु अग्रवाल सचिव, डॉ. शालिनी महेश्वरी, डॉ. कामेंद्र सिंह, डॉ. आरपी सिंह मौजूद रहे।


ट्रॉफी के साथ जीत का जश्न मनाती विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- आईएमए की ओर से आयोजित प्रीमियर लीग सीजन-7 का समापन

# राष्ट्रीय बैठक से पहले जोन कमेटियों का गठन करने के निर्देश


बैठक में मौजूद अपना दल एस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- अपना दल (एस) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल (एस) की मासिक समीक्षा बैठक रविवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अनुज गंगवार एडवोकेट ने कहा कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देश अनुसार विधानसभावार नियुक्त प्रभारियों के साथ एक-एक सह-प्रभारी जिला स्तर से नियुक्त कर दिया गया है। सभी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि दो जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय समीक्षा बैठक से पहले विधानसभाओं की जोन कमेटियों का गठन कर जानकारी दें। सक्रिय सदस्यता अभियान को और तेज करें। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव एससी/एसटी मंच सतीश ऋषिवाल रहे। अजय गंगवार, इंजीनियर मनीष कुमार, अनुराधा रस्तोगी, कंचन लता मिश्रा, मनोज गंगवार, अतुल पटेल, लखपत सिंह, विनोद मिश्रा, अमित कुमार, गेंदनलाल, अवधेश गंगवार, सुनील गंगवार, नरपत कश्यप, विजय मिश्रा, योगेंद्र पटेल, राकेश बाबू, आदि मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी जिला पंचायत चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करना था।

# बीजेपी वोटों को कटवा रही, करेंगे संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह रविवार को सुरेश शर्मा स्थित आवास विकास कालोनी में पार्टी के रुहेलखंड प्रांतीय कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक ''वोट बचाओ-संविधान बचाओ'' पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा की। इसके बाद प्रेसवार्ता में भाजपा पर तीखा हमला किया और कहा कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों मतदाताओं के वोट पर खतरा मंडरा रहा है। पूरे प्रदेश में सुनियोजित साजिश के तहत मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां की जा रही हैं। आरोप लगाया कि बिहार में 70-70 हजार वोट एक विधानसभा से काट दिए और अब यूपी में भी हजारों वोट काटने की साजिश चल रही है। वोट बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे।

संजय सिंह ने दावा किया लखनऊ, जौनपुर और रामपुर में वोट काटने से जुड़ी गड़बड़ियां के प्रमाण उनके पास हैं। आंकड़े चौंकाने वाले हैं, इसका 11 दिसंबर तक खुलासा होगा। इस वोट डकैती के खिलाफ ही पार्टी 21 से 26 दिसंबर तक छह दिवसीय पदयात्रा निकालेगी, जो रामपुर, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों को कवर करेगी। इस दौरान रामपुर, मुरादाबाद, पाकवाड़ा और अमरोहा में चार बड़ी जनसभाएं होंगी।

सांसद ने कहा एसआईआर जैसी कार्रवाई का उपयोग कर मतदाताओं को डराया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा आक्रमण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर असली मतदाताओं को सूची से बाहर किया जा रहा है। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष इंजी. मोहम्मद हैदर, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार, आसिफ मियां, राम सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे।



आप के प्रांतीय कार्यालय में बैठक में बोलते राज्यसभा सांसद संजय सिंह। ● अमृत विचार

- आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल
- रुहेलखंड प्रांतीय कार्यालय पहुंचे सांसद ने 21 से शुरू होने वाली पदयात्रा पर भी चर्चा की

### बुलडोजर राजनीति पर किया सीधा प्रहार

बरेली में बुलडोजर कार्रवाई पर संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बुलडोजर को एक समुदाय विशेष के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। बुलडोजर न संविधान है, न सुप्रीम कोर्ट। इसे मुसलमानों के खिलाफ चलाकर राजनीतिक फायदा लिया जा रहा है। अगर कानून सबके लिए बराबर है, तो कार्रवाई सिर्फ एक समुदाय पर क्यों।

## सिटी डायरी

### लल्ला बाबू बने अध्यक्ष, पवन उप महासचिव



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक, अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ, बरेली अंचल का त्रैवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के उप महामंत्री नवींद्र कुमार ने की, जबकि चुनाव अधिकारी सतीश सोनकर और सहायक चुनाव अधिकारी श्याम लाल (सेवानिवृत्त) ने चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया। बरेली अंचल के सभी जिलों बरेली, बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, अमरोहा से आए सदस्यों ने अपनी–अपनी जिला कमेटी का गठन कर अंचल कमेटी का चुनाव किया। जिसमें लल्ला बाबू अध्यक्ष, पवन कुमार व्यास उपमहासचिव, विशाल बाबू उपाध्यक्ष, अमर पाल और राज कुमार सहायक महामंत्री, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष सहित आठ क्षेत्रीय सचिव और पांच कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। अंचल महासचिव आशा राम ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और संघ की मजबूती और सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए संकल्प दिलाया।



### शिविर का समापन हुआ

**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामिया इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का रविवार को नशा मुक्ति अभियान की शपथ के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज बोर्ड ऑफ कंट्रोल के उपाध्यक्ष अलीमुद्दीन ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ पाठ्य सहगामी क्रियाएं करना भी जरूरी है। यह हमारे ज्ञान, कौशल और समझ को विकसित करती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. मेराज हुसैन ने छात्रों को नशे से बचने और समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की सलाह दी। कार्यक्रम अधिकारी फरहान अहमद के निर्देशन में छात्रों ने एक युद्ध नशे के विरुद्ध लगभग 5 किलोमीटर लंबी रैली निकाली। प्रथम सत्र में योग प्रशिक्षिका गुंजन गुप्ता ने छात्रों को योगासन कराए और शरीर को निरोग रखने के उपाय बताए।



### 50 जोड़ों का रिश्ता तय

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा वनखंडी नाथ रामलीला मैदान में रविवार को साहू, राठौर समाज का पंचम वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें 50 जोड़ों का रिश्ता तय हुआ। 150 युवक– युवतियों ने आवेदन किया था। सम्मेलन में बरेली के अलावा पीलीभीत, रामपुर, बदायूं से सजातीय लोग पहुंचे थे। लक्ष्मीनारायण राठौर ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से माता–पिता को वर– वधू की तलाश करने में दिक्कत नहीं होती है। मुन्नालाल राठौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता आती है। अध्यक्षता वीरपाल साहू व संचालन विजय कुमार साहू ने किया। प्रमोद कुमार साहू, सुरेश राठौर, शिवसागर साहू, ओमप्रकाश राठौर ने कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार किया। मोहनलाल राठौर एडवोकेट ने आभार व्यक्त किया। चंद्रपाल राठौर, संतोष साहू, रामभरोसे लाल, कैलाश राठौर, दिलीप आदि मौजूद रहे।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कार्यक्रम



**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों और सेवारत सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। समारोह में एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने वार्षिक स्मारिका का विमोचन किया। एडीएम ने सशस्त्र बलों के बलिदान की सराहना की और नागरिकों से सैनिकों के परिवार के प्रति उदार व्यवहार की अपील की। कमांडर सतीश कुमार ने झंडा दिवस के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारत में सशस्त्र सेना झंडा दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के सैन्य कर्मियों के बलिदान को सम्मानित करना और पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण और पुनर्वास के लिए धन जुटाना है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस आम नागरिक और सशस्त्र बलों के बीच सामाजिक अनुबंध के रूप कार्य करता है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस को 1949 से 7 दिसंबर को मनाया जाता है।

# बदल गए हालात, जहां मरीज थे ठंड से बेहाल, अब वहां गर्माहट का एहसास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार IMPACT

- जिला अस्पताल : मरीजों को मिले दो-दो कंबल, रैन बसेरे की व्यवस्थाएं भी दुरुस्त

**अमृत विचार :** अमृत विचार ने जिला अस्पताल में ठंड से बेहाल मरीजों का दर्द बयां किया तो अफसरों की नींद टूट गई। ठंड से बचाव को इमरजेंसी वार्ड में रविवार को मरीजों को दो-दो कंबल थमा दिए गए। लेकिन शनिवार तक ऐसी स्थिति नहीं थी। अधिकांश मरीज अपने घरों से मंगाए हुई रजाई और कंबलों से ठंड से बचाव कर रहे थे। जिन मरीजों ने अतिरिक्त कंबल की मांग की, उन्हें भी दूसरा कंबल दिया गया।

जिला अस्पताल के प्रभारी एडीएसआईसी डॉ. अजय मोहन अग्रवाल ने बताया कि ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सभी वार्ड प्रभारियों को निर्देश जारी कर कहा गया है कि मरीजों को कंबल, चादर और तकियों की कमी नहीं होनी चाहिए। दावा करते हुए कहा कि मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए रैन बसेरों में भी सुविधाएं चाक चौबंद करवा दी गई हैं। यहां बेड पहले से ही डाले गए थे, लेकिन अब गद्दे और चादर भी रखवा दिए गए हैं। साथ ही तीमारदार सर्जिकल वार्ड जाकर अपनी एक आईडी दिखाकर कंबल ले सकते हैं। इस बाबत नोटिस भी चस्पा करवा दिया गया है।


इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को दिए गए दो–दो कंबल।

### जल्द जलेंगे अलाव, निगम को जारी होगा पत्र

अधिकारियों के अनुसार सुबह से लेकर रात तक इमरजेंसी वार्ड में मरीजों के भर्ती होने का सिलसिला जारी रहता है। ऐसे में उनके साथ आने वाले तीमारदारों का भी ठंड से बचाव हो, इसके लिए परिसर के बाहर अलाव भी जलवा जाएंगे। अलाव की लकड़ी उपलब्ध कराने के लिए सोमवार को नगर निगम को पत्र भेजा जाएगा।

# विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है सोशल मीडिया



अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज पांत की गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की ओर से रविवार को वरिष्ठ साहित्यकार निरुपमा अग्रवाल के प्रभात नगर स्थित आवास पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सोशल मीडिया और साहित्य के विषय पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता प्रांतीय संरक्षक प्रो. केए वार्ष्णेय ने की।

प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि तकनीक के बदलते दौर में सोशल मीडिया विचारों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बन गया है। इसका प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र पर पड़ रहा है। साहित्य भी इससे अछूता नहीं है। युवाओं की रुचि साहित्य की ओर तेजी से बढ़ रही है जो एक सुखद संकेत है। कहानीकार निरुपमा अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा साहित्य भी डिजिटल हो गया है। सोशल मीडिया पर साझा की जा रही साहित्यिक रचनाएं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। कार्यक्रम का संचालन जनपदीय मंत्री विमलेश चंद्र दीक्षित ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जनपदीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ,निर्भय सक्सेना, प्रमोद मिश्रा, प्रो. डॉ. विनीता सिंह, वीसी दीक्षित, रितेश साहनी, अंशुमान सिंह आदि मौजूद रहे।

# 50 साल से निगम को दे रहे टैक्स तो अब कैसे हो गए अवैध

- शाहबाद में 27 घरों में रहने वाले लोगों का छलका दर्द
- ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट ने दो महीने के लिए लगाई है रोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हम लोग करीब 50 साल से यहां निवास कर रहे हैं और एक घर में दो से तीन परिवार जीवन यापन कर रहे हैं। इतना ही नहीं नगर निगम को टैक्स भी अदा कर रहे हैं लेकिन अब हमारे आवासों को अवैध घोषित कर दिया गया। अगर ऐसा था तो शुरुआत में ही घर बनाने के समय रोक दिया जाता। यह कहना शाहबाद में 27 आवासों में निवास करने वाले लोगों का है।

सितंबर में शहर में हुए बवाल के बाद नगर निगम ने अक्टूबर में शाहबाद में सरकारी भूमि पर बने 27 घरों को नोटिस जारी कर ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। इसके बाद घरों में रहने वाले लोगों ने हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए फिलहाल दो महीने तक ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जिसके बाद लोगों में अब राहत है लेकिन निगम अधिकारियों के खिलाफ काफी रोष है। कोर्ट ने निगम अधिकारियों से इस पक्ष को सुनने का मौके देने की बात कही है। अगली सुनवाई में यह तय होगा कि नोटिस और ध्वस्तीकरण आदेश वैध हैं या नहीं।


इन्हीं मकानों के दिए गए हैं नोटिस।

### 200 से अधिक लोग हो जाते बेघर

लोग बताते हैं कि अगर हमारे घर अवैध भूमि पर बने हैं तो फिर सालों से निगम हमसे टैक्स क्यों वसूल रहा है। अगर हम लोगों को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलती तो 27 घरों में निवास कर रहे करीब 200 से अधिक लोग सड़क पर आ जाते।

### लोगों की बात



हमारे पास सालों से जो निगम को टैक्स दे रहे हैं उसकी रसीदें हैं। जब नोटिस जारी हुए तो निगम अधिकारियों ने एक बार भी हमारी बात नहीं सुनी। – **परवेज खान**



हमारी ये दूसरी पीढ़ी है जो कि इस घर में निवास कर रही है। नोटिस के बाद से कई लोग तो घर छोड़ने को तैयार हो गए। उनका मानना था कि निगम प्रशासन कोई पक्ष नहीं सुनेगा। – **अफरोज**



50 साल से अधिक समय हो गया है कभी कोई परेशानी नहीं आई। निगम को समय पर टैक्स अदा कर रहे हैं लेकिन अचानक हमारे आवासों को अवैध करार देना नाइंसाफी है। कोर्ट के आदेश का स्वागत है।

– **इरशाद हुसैन**

## शहर में आज

- उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी एवं स्वावलंबन उत्सव-2025 बिशप मंडल इंटर कॉलेज मैदान में सुबह 10 :30 बजे से।
- आईवीआरआई का 136 वां स्थापना दिवस समारोह एवं खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 9 :30 बजे से।
- सिविल डिफेंस की ओर से रक्तदान शिविर कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 8 :30 बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत गन्ना समिति निकट कचहरी में सुबह 10 :30 बजे।

# मैराथन से दिया स्वस्थ रहने का संदेश, छात्रों में दिखा उत्साह

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में मैराथन का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रविवार सुबह बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी परिसर ऊर्जा और उत्साह से सराबोर दिखा। मौका था मैराथन दौड़ के आयोजन का। जिसमें मेडिकल छात्रों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ का आरंभ मुख्य अतिथि रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन के जरिये लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया।

डॉ. पठानिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों को हमें अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए। नियमित व्यायाम और खेलकूद न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि यह जीवनभर हमें स्वस्थ बनाए रखते हैं, जिससे चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता भी कम हो जाती है। मैराथन दौड़ विश्वविद्यालय के मुख्य गेट से आरंभ होकर संस्थान के कैंसर इंस्टिट्यूट होते हुए डेंटल कॉलेज गेट पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग पर छात्रों और कर्मचारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। खेल समिति के चेयरमैन डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान समेत विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### इन्होंने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

छात्र और छात्राओं ने रेस में खेल भावना का प्रदर्शन किया। छात्र वर्ग में एमबीबीएस 2022 बैच के आयुष दीक्षित प्रथम, विवेक यादव द्वितीय और एमबीबीएस 2024 बैच के प्रीतम और कार्तिक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, छात्रा वर्ग में एमबीबीएस 2024 बैच की हर्षिता ने प्रथम, 2022 बैच की सुप्रिया ने द्वितीय और 2024 बैच की तनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रांगण में हरी झंडी दिखा मैराथन को रवाना करते प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया। ● अमृत विचार

## समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त से मिलेगी समिति

**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति की बैठक रविवार को बदायूं रोड स्थित विश्वनाथपुरम कालोनी में संरक्षक महेश पंत के घर पर हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति कालोनी की सभी समस्याओं को लेकर जल्द ही नगर आयुक्त से मिलेगी। इस अवसर पर संरक्षक महेश पंत, कुशल सिंह राणा, जोहर सिंह, पूरन चंद्र जोशी, योगेश सिंह, मोहन नेगी, गिरीश पांडे, अनिल उपाध्याय, मनोज जोशी, दिनेश कुमार सिंह, विक्रम बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए मोनिका सिंह बनीं रेफरी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली की हैंडबॉल कोच और नेशनल रेफरी



मोनिका सिंह का लखनऊ में आयोजित होने वाली 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल चैंपियनशिप में मुख्य निर्णायक के रूप में चयन किया गया। मोनिका के चयन से बरेली हैंडबॉल एसोसिएशन में उत्साह का माहौल है। एसोसिएशन के सचिव फसील बेग ने बताया कि मोनिका सिंह प्रतिभावान खिलाड़ी के साथ रेफरी भी हैं। मोनिका के चयन पर एसोसिएशन ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### महिला उत्थान मंडल ने निकाली हरि नाम संकीर्तन पदयात्रा

**बरेली, अमृत विचार :** महिला उत्थान मंडल और श्री योग वेदांत सेवा समिति की ओर से रविवार को गीता जयंती और तुलसी पूजन के उपलक्ष्य में हरि नाम संकीर्तन पदयात्रा निकाली। भानु प्रकाश ने बताया पदयात्रा की शुरुआत डेलापीर मंडी से हुई और डमरू चौराहा, एकता नगर से होते हुए त्रिवटीनाथ मंदिर, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के मैदान पर विश्राम हुआ। पदयात्रा में मंडल और रामपुर, रुद्रपुर, किच्छा के भक्तों ने भी संकीर्तन शोभायात्रा में भाग लिया। पदयात्रा में गीता जयंती, तुलसी पूजन, मातृ पितृ पूजन दिवस और व्यसनों से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। झांकियों के माध्यम से भारतीय हिंदू संस्कृति के बारे में प्रचार प्रसार किया गया। महिला उत्थान मंडल पदयात्रा में तुलसी के पौधों और प्रसाद का वितरण किया। समापन पर संकीर्तन हुआ। उसके बाद भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विभा गुप्ता, राधा गुप्ता, अंजू ओझा, पुष्पा सक्सेना आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

### जंतु विज्ञान की स्पेशल बैक परीक्षा बरेली कॉलेज में होगी

**बरेली, अमृत विचार :** बीएससी तृतीय व पंचम सेमेस्टर जंतु विज्ञान की स्पेशल बैक परीक्षा का प्रैक्टिकल बरेली कॉलेज में 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे से होगा। छात्रों को 9 :30 बजे तक पहुंचना होगा।

# विनोद और जैनम नानुभाई बने चैंपियन

## आईवीआरआई में 136वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई शुरू

- पहले दिन छात्र-छात्राओं ने दौड़ समेत कई प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आईवीआरआई में रविवार को 136वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। पहले दिन छात्र वर्ग में विनोद मील ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 100 और 200 मीटर दौड़ में आयुष खताना द्वितीय और संजीव सिंह तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में ए. भारतकथ ने प्रथम, प्रज्वल गौड़ ने द्वितीय और विक्रम कुमार ने तृतीय, शॉट-पुट में वरुण शर्मा ने प्रथम, प्रबीकरण ने द्वितीय और प्रशांत एमआर ने तृतीय और भाला फेंक में प्रबीकरण ने प्रथम, वरुण ने द्वितीय और महेंद्र चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं छात्राओं में पटेल जैनम नानुभाई ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 100 मीटर दौड़ में हर्षिता आर्या ने द्वितीय और सौम्या एस. ने तृतीय स्थान हासिल किया। ऊंची कूद में अनुपमा वर्मा ने प्रथम, सैयद ताबिन्दा ने द्वितीय, शॉट-पुट में दिवांशी सैनी ने प्रथम, पटेल जैनम नानुभाई ने द्वितीय और जोश्ना ने तृतीय और भाला फेंक में सोनम डांगी ने प्रथम, हर्षला पी. ने द्वितीय और नीतू कुशवाह ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्टाफ पुरुष वर्ग में प्रताप बोरा ने भाला फेंक में प्रथम और आनंद सिंह बिष्ट ने द्वितीय और डॉ. सागर चंद्र ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में लक्ष्मी शुक्ला ने ऊंची कूद और शॉट-पुट में प्रथम, लक्ष्मी देवी ने भाला फेंक में प्रथम और ऊंची कूद में द्वितीय, पूनम मीणा ने ऊंची कूद में तृतीय, प्रेमा ने शॉट-पुट में द्वितीय, रिंकी पटेल ने शॉट-पुट और भाला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



व्यंजनों के स्टॉल का शुभारंभ करते निदेशक त्रिवेणी दत्त। ● अमृत विचार

### महिला क्लब की सदस्याओं ने लगाए व्यंजनों के स्टॉल

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महिला क्लब की सदस्याओं ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। अध्यक्ष डॉ. सुनीता दत्त ने बताया कि इन स्टॉलों से प्राप्त आय को चैरिटी के रूप में उपयोग किया जाएगा, जिसका उपयोग महिलाओं, अनाथालयों और वृद्धाश्रमों में रहने वाले लोगों के समग्र विकास के लिए किया जाएगा। डॉ. मनीषा सिंह, अंजलि मेहंदीरत्ता, डॉ. रूपसी तिवारी, डॉ. सोहिनी डे, श्वेता सिंह, सरिता वर्मा, अनुराधा सिंह, काजल गुप्ता, मालिनी सिन्हा, रेखा मौर्य, रश्मि शर्मा, शाइली तोमर, अंकिता उमराव, नेहा कुमारी, पायल, डॉ. भारती सिंह, डॉ. हिमानी धान्जे, गोल्डी सक्सेना, सुबूही, स्वाति जाधव, सुषमा, निधि पावड़े आदि मौजूद रहे।

### निदेशक ने गिनाईं संस्थान की उपलब्धियां

इससे पहले मुख्य अतिथि निदेशक एवं कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों, भविष्य की रणनीतियों और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आईवीआरआई ने वर्ष 1889 में अपनी यात्रा प्रारंभ की थी और 136 वर्षों की इस अनुभव-सम्पन्न यात्रा में संस्थान ने शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। हाल ही में संस्थान को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की ओर से ए डबल प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। कहा कि वर्ष 2026 को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा और संस्थान में विश्वस्तरीय अधोसंरचना का विकास किया जाएगा। खेल एवं क्रीड़ा आयोजन समिति के सचिव डॉ. अभिषेक, प्रभारी खेलकूद प्रकोष्ठ डॉ. किरनजीत सिंह, विभिन्न समितियों के अध्यक्षों, सदस्य-सचिवों, सदस्यों, लेडीज क्लब, प्रशासन, वित्त एवं लेखा टीम सभी के योगदान की सराहना की। डॉ. किरनजीत सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक परिश्रम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और लचीलेपन जैसे मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम हैं। डॉ. अभिषेक के योगदान की भी सराहना हुई।



दौड़ में भाग लेती छात्रा। ● अमृत विचार

# नाटक सारी रात ने दिखाया शहरी अकेलेपन का आईना



एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस रिद्धिमा में हुआ नाटक का मंचन

**अमृत विचार :** भावोदय थिएटर अलीगढ़ की ओर से एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम नाटक 'सारी रात' का मंचन हुआ। जिसमें शहरी जीवन के अकेलेपन और दांपत्य रिश्तों की मनोवैज्ञानिक जटिलता को दिखाया गया।

नाटक में पति के किरदार में जय सिंह ने कुंठा और बेचैनी को सहजता से उभारा, जबकि पत्नी की भूमिका में आरजू सिद्दीकी ने अपने चरित्र की भावनात्मक पीड़ा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बुजुर्ग व्यक्ति के रूप में अनुज श्रीकृष्णा की रहस्यमय उपस्थिति ने नाटक को गहराई दी। नकुल चंदीला के प्रकाश और संगीत डिजाइन ने सीमित मंच को मनोवैज्ञानिक वातावरण से भर दिया। निर्माण प्रबंधक रेनू पिप्पल ने बैंक स्टेज संचालन को सुव्यवस्थित रखा। सारी रात ने दर्शकों को अपने रिश्तों और भीतर के खालीपन पर सोचने को मजबूर किया। नाटक के निर्देशक जय सिंह व उनकी टीम ने बादल सरकार की इस कठिन रचना को सफलतापूर्वक मंच पर उतारकर यह साबित कर दिया है कि उच्च गुणवत्ता वाला चिंतनशील रंगमंच आज भी दर्शकों के बीच अपनी जगह रखता है। यह प्रस्तुति उन सभी के लिए जरूरी है जो रंगमंच को केवल मनोरंजन नहीं बल्कि एक सामाजिक आईना भी मानते हैं।

# बच्चों की प्रस्तुति के ऐसे नजारे...जमीं पर उतरे तारे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूजा सेवा संस्थान के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली नार्थ और इनरव्हील क्लब बरेली न्यू नार्थ की ओर से रविवार को पूजा सेवा संस्थान के 13 वें वार्षिकोत्सव पर 'तारे जमीं' कार्यक्रम आईएमए हॉल में धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने नृत्य और संगीत की ऐसी प्रस्तुति दी, जैसे लगा जमीं पर तारे उतर आए हों। चेयरमैन पीपी सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

बच्चों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। अंकित, मूसा, इशिका, साक्षी और अन्य छात्रों ने झूम बराबर झूम, चक घूम घूम, पिंगा दी पोरी, और रुक जाना नहीं जैसे गानों पर प्रस्तुतियां दीं। चेयरमैन ने संस्थान के 13 वर्षों के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान को अब तक तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार मिल चुके हैं। संस्थान के छात्र को वर्ष 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार से मिल चुका है। अतिथियों ने संस्थान को यथासंभव मदद का आश्वासन दिया। संस्थान की स्मारिका लक्ष्य के 13 वें संस्करण का विमोचन किया गया। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व मेयर डॉ. आईएस तोमर, पवन अग्रवाल, श्रुति गंगवार, तनु जैन आदि मौजूद रहे। संचालन मंजू सक्सेना और शिरीष गुप्ता ने किया।




वार्षिक उत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
द्वारा IVF कैम्प
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
परामर्श शुल्क मुफ्त
दिन : 8 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार
समय : प्रातः 10:00 से 01 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें सस्ती दरों पर
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) मार्केट रेट से 35% की छूट पर
★ लैब टेस्ट पर भारी छूट
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 150/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 6398018900, 8171925965

# ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर असंगानंद को दी श्रद्धांजलि



आनंद आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** रामपुर गार्डन स्थित आनंद आश्रम में रविवार को आनंद आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर असंगानंद सरस्वती महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शोक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

आश्रम प्रबंध समिति के अध्यक्ष स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि असंगानंद सरस्वती महाराज बीते सोमवार को हरिद्वार स्थित आश्रम में ब्रह्मलीन हुए थे। संत परंपरा के अनुसार मंगलवार को ऋषिकेश में जल समाधि दी गई। उनकी सरलता, सहजता, करुणा और दिव्य हृदय की सुगंध सदैव हम सभी को मार्गदर्शन देती रहेगी। मंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन सनातन परंपरा, संन्यास परंपरा, अद्वैत ज्ञान, शास्त्र अध्ययन और आध्यात्मिक तप के लिए समर्पित कर दिया। गोंडा के राधे श्याम दुबे और कथावाचक सतेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके हृदय में सभी प्राणियों के लिए दयालुता और करुणा थी। उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि स्वामी असंगानंद महाराज के देवलोक गमन ने सबको शोकाकुल कर दिया, लेकिन संत कभी जाते नहीं हैं, केवल रूप बदलते हैं। इस दौरान कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, दीपेश खंडेलवाल, गिरीश अग्रवाल, आनंद स्वरूप अग्रवाल, शशि कांत मोदी, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### उड़ीसा की मंजुला को दिया कुमुद साहित्य सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** कवि गोष्ठी आयोजन समिति की ओर से रविवार को सरस काव्य गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन पीलीभीत बाईपास रोड स्थित सोम आयुर्वेद पंचकर्मा हॉस्पिटल में किया गया। मुख्य अतिथि मंजुला अस्थाना मोहंती, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवयित्री ज्ञान देवी सत्यम, शिवरक्षा पांडेय, मीनाक्षी अस्थाना ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उड़ीसा के भुवनेश्वर से आईं साहित्यकार मंजुला अस्थाना को ज्ञान स्वरूप ''कुमुद'' साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। सचिव उपमेंद्र सक्सेना ने सम्मान स्वरूप शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया। सरस काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं से जोड़कर उत्कृष्ट काव्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ ने और अतुल सक्सेना के संयोजन में कार्यक्रम हुआ। गोष्ठी में डॉ. महेश मधुकर, डॉ. शिव शंकर यजुर्वेदी, डॉ मुकेश, सुभाष रावत, अलका गुप्ता, लक्ष्वेश्वर राजू, अमित मनोज, गणेश पथिक आदि लोग मौजूद रहे। संचालन राज शुक्ल ने किया।

### कुष्ठ आश्रम में भोजन और वस्त्र वितरित किए



**बरेली, अमृत विचार :** सिविल डिफेंस बरेली के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को उप नियंत्रक राकेश मिश्र, डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ व सहायक उप नियंत्रक पंकज कुदेशिया के नेतृत्व में वार्डनों ने रामगंगा स्थित कुष्ठ आश्रम में लोगों को वस्त्र, फल और भोजन वितरित किया। इस अवसर पर प्रभागीय वार्डन अंजय अग्रवाल, संजय पाठक, उप वार्डन कलीम हैदर सैफी, अनिल शर्मा, श्याम कृष्ण, जगदीश प्रसाद, कमलेश वर्मा आदि ने कुष्ठ आश्रम में लोगों को बैठाकर भोजन कराया। शिवलेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 8 :30 से सिविल डिफेंस की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें वार्डन और अन्य सम्मानित लोग रक्तदान करेंगे।

### कैलाशानंद गिरि महाराज का स्वागत किया



**बरेली, अमृत विचार :** निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज शनिवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के रामपुर गार्डन स्थित आवास पर पहुंचे। विधायक ने पत्नी ममता अग्रवाल, पुत्र सत्यम अग्रवाल व कविता अग्रवाल, दोनों पौत्रियां कृष्नवी व वैष्णवी के साथ कैलाशानंद महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रों के साथ कैलाशानंद महाराज का सत्कार किया। विधायक ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और नाथ नगरी की पहचान महादेव की मूर्ति भेंट की। पंकज अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, देवेंद्र चौधरी, अनिल शर्मा, दीपक मिश्रा, सुनील यादव, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप रोहिल्ला, अंकित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया



**बरेली, अमृत विचार :** क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को प्रभु भोज और वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस मनाया। चर्च के मुख्य पादरी सुनील मसीह ने चर्च के सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रभु के वचनों का स्मरण करवाया। वरिष्ठ नागरिकों को परमेश्वर का वरदान बताते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की। पादरी नंदा और पादरी एण्डमंड ने प्रार्थना की। बी .प्रसाद और पैट्रिक राम ने बाइबिल पढ़ी। एंजिलीना स्माट ने विशेष गीत का गायन किया। 65 से 96 वर्ष तक के चर्च के वरिष्ठ सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मिलरेड मसीह, अनीता पौल, नीलम, वीरा, सना, अंशुमन पैट्रिक, निश्चय घोष आदि को योगदान रहा।